IGH

June - Examination 2016

BAP/BCP/BSc.P Examination

Introduction of General Hindi

सामान्य हिन्दी का परिचय

Paper - IGH

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों – 'अ', 'ब' और खण्ड 'स' में विभाजित है। खण्ड 'अ' अति लघुत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघुत्तरात्मक और खण्ड 'स' में निबन्धात्मक प्रश्न सम्मिलित है।

(खण्ड – अ) **$8 \times 2 = 16$**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है। आप अपने उत्तर एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 02 अंकों का है।

1) (i) निम्न शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए।

अ) मित्र

ब) बच्चा

(ii) सर्वनाम किसे कहते है?

(iii) ''रमेश बुद्धिमान छात्र है।'' इस वाक्य में विशेषण शब्द कौनसा है?

(iv) निम्न शब्दों के लिंग बदलिए।

अ) नौकर

ब) अभिनेत्री

(v) कर्ताकारक का विभक्ति चिह्न क्या है?

(vi) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन शब्द बनाइए।

अ) झील

ब) मिठाई

(vii) फूल के कोई दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(viii) निम्नलिखित शब्दों का विलोम (विपरीत) अर्थ लिखिए।

अ) अमृत

ब) साक्षर

(खण्ड – ब) $4 \times 8 = 32$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न हल कीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) संज्ञा किसे कहते है? इसके विविध प्रकारों को सोदाहरण लिखिए।

3) विराम चिह्न किसे कहते है? हिन्दी में प्रचलित पूर्णविराम, अर्धविराम और अल्पविराम के प्रयोग को स्पष्ट कीजिए।

4) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए।

अ) गाल बजाना

ब) चारपाई पकड़ना

स) खून का घूँट पीना

द) पत्थर की लकीर

5) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

अ) जिसकी गिनती न की जा सके

ब) जिसका खंडन न किया जा सके

स) जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो

द) जो साथ पढ़ा हो

इ) जो शीघ्र प्रसन्न हो जाए

फ) जो कम जानता हो

ज) जो पहले पढ़ा नहीं गया हो

ह) आकाश को स्पर्श करनेवाला

6) निम्न गद्यांश का शीर्षक सहित संक्षेपण कीजिए।

स्वावलम्बन का गुण सभी को सरलता से प्राप्त हो सकता है। यह किसी विशेष जाति, विशेष धर्म तथा विशेष देश के निवासी की सम्पत्ति नहीं है। स्वावलम्बन सभी के लिए चाहे वे पूँजीपति हो या मजदूर, पुरुष हो या स्त्री, बालक हो या वृद्ध, काला हो या गोरा, शिक्षित हो या अशिक्षित, प्रत्येक समय व प्रत्येक स्थान पर होना चाहिए। इतिहास साक्षी है कि अत्यन्त दीन और निर्धन व्यक्तियों ने स्वावलम्बन के अलौकिक गुण द्वारा महान उन्नति

की है। समाचार पत्र बेचनेवाला एडीसन एक दिन महान उपन्यासकार हुआ। चन्द्रगुप्त नामक एक निर्धन और साधारण सैनिक भारत का चक्रवर्ती सम्राट हुआ। हैदरअली आरम्भ में एक सिपाही था, स्वावलम्बन के कारण ही उसने अपना राज्य दक्षिण भारत में स्थापित किया।

7) निम्न पद्यांश की व्याख्या कीजिए।
नर हो न निराश करो मन को।
कुछ काम करो, कुछ काम करो।।
निज गौरव का नित ज्ञान रहे.
हम भी कुछ है यह ध्यान रहे।
सब जाए अभी पर भान रहे
मरने पर गुंजित गान रहे।
कुछ हो न तजो निज साधन को।
नर हो न निराश करो मन को।।

8) 'चरित्र निर्माण' पाठ में जो पत्र लिखा गया है, वह किसने, किसको और क्यों लिखा है? समझाइए।

9) समास की परिभाषा देते हुए तत्पुरुष समास को उदाहरण सहित लिखिए।

(खण्ड – स) $2 \times 16 = 32$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं दो के उत्तर अधिकतम 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) बूढ़ी काकी कहानी की कथावस्तु और चरित्र चित्रण का वर्णन करते हुए, इस कहानी का प्रतिपाद्य (उद्देश्य) स्पष्ट कीजिए।

11) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर उनकी संधि का नाम भी लिखिए।

शब्द	संधि विच्छेद	संधि का नाम
अ) रजनीश =	–	–
ब) वधूत्सव =	–	–
स) पीतांबर =	–	–
द) नवागत =	–	–
इ) गणेश =	–	–
फ) मतैक्य =	–	–
ग) इत्यादि =	–	–
ह) नवोदित =	–	–

12) निम्नलिखित पत्र लिखिए।

अ) माना की आपका नाम शंकर है। आपका मित्र किसी अन्य शहर में रहता है। परीक्षा में प्रथम स्थान आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

ब) अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें बीएपी परीक्षा पास करने के बाद आपकी भावी योजनाओं का उल्लेख हो।

13) निम्नलिखित में से किन्ही दो विषयों पर अनुच्छेद लिखिए।

अ) मेरा प्रिय विषय

ब) कम्प्यूटर : आज के युग की आवश्यकता

स) अनुशासन का महत्व

द) राजस्थान का गणगौर पर्व